Ministry of Coal

Period of Analysis: 03/11/2026 to 03/11/2026

पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार

Dossier Name: Ministry of Coal

Dossier Created On: 03/11/2026

सत्यमेव जयते

कोयला मंत्रालय
MINISTRY OF
COAL

PRINT MEDIA

Downloaded from
SAMVAD 2.0

Sr. No.	Headline	Publication	Edition	Page No.	Date
1	Bhelatand and Sijua Colliery received Five Star Rating	Hindustan	Jamshedpur	10	03/11/2026
2	Coal India to invest in critical minerals abroad; Moonidih Colliery receives 5-star rating, ranks ninth in the country	Dainik Jagran	Dhanbad	4	03/11/2026
3	Five-star rating for two mines of Tata Steel Jharia Division	Dainik Jagran	Dhanbad	8	03/11/2026
4	5 coal mines of Chhattisgarh get five star; received certificate of excellence for standards from safety to environment	Rajasthan Patrika	Raipur	2	03/11/2026
5	Excellent performance in coal mining, Star Rating awards for 50 mines	Aaj Ki Jandhara	Raipur	1	03/11/2026
6	50 mines received Star Rating Award	Aman Path	Raipur	1	03/11/2026
7	Star Rating Award Ceremony 2026 organized by Ministry of Coal	Amrit Sandesh	Raipur	1	03/11/2026
8	Five-star rating for 5 mines in Singareni	Andhra Jyothi	Hyderabad	9	03/11/2026
9	5 National Awards for Singareni	Andhra Prabha	Hyderabad	6	03/11/2026
10	5-Star Rating for Tadicherla-1 Mine	Andhra Prabha	Hyderabad	6	03/11/2026
11	Tata Steel's Jharia Division receives 'Five Star Ratings' honor	Chamkata Aaina	Jamshedpur	12	03/11/2026
12	50 five-star coal mines of the country honored; five mines of Chhattisgarh received rating	Dandakaranya Samachar	Raipur	1	03/11/2026
13	5 coal mines of Singareni win national 5-star rating awards	Deccan Chronicle	Hyderabad	3	03/11/2026
14	50 coal mines with excellent performance honored with Star Rating awards	Deshbandhu	Raipur	10	03/11/2026
15	Singareni's Power: Five Star Rating for Five Mines	Disha	Hyderabad	2	03/11/2026
16	‘5-Star’ awards for six Telangana coal mines	Eenadu	Hyderabad	21	03/11/2026
17	Ministry of Coal distributed Star Rating awards in Raipur	KESARI	Raipur	5	03/11/2026
18	Two collieries of Tata Steel Jharia Division get 5-star rating	Khabar Mantra	Ranchi	9	03/11/2026
19	50 excellent coal mines in Raipur received five-star awards	Lokdesh	Raipur	6	03/11/2026
20	Star Rating Award Ceremony for Coal and Lignite Mines to be held in Raipur today	Lokmaya	Raipur	8	03/11/2026

Downloaded from
SAMVAD 2.0

Sr. No.	Headline	Publication	Edition	Page No.	Date
21	5 SECL mines receive Five Star Award, including four underground and one opencast mine	Lokswar	Raipur	9	03/11/2026
22	Five-star rating for five Singareni mines	Mana Telangana	Hyderabad	2	03/11/2026
23	Tata Steel's Jharia Division Bags Five Star Ratings for 2024-25	Morning India	Ranchi	9	03/11/2026
24	Star Rating Award Ceremony: Honor for excellent practices in safe, efficient and eco-friendly mining; 50 top-performing mines receive Star Rating awards	Navpradesh	Raipur	3	03/11/2026
25	50 Coal Mines Receive Star Rating Awards in Raipur	Prime Day	Raipur	3	03/11/2026
26	50 mines with excellent performance in coal mining honored with Star Rating awards	Rajya Bhoomi	Raipur	3	03/11/2026
27	Tata Steel's Jharia Division awarded Five Star Rating for the year 2024-25	Ranchi Express	Ranchi	12	03/11/2026
28	5 Star Rating for Tadicherla-1 Coal Mine	Sakshi	Hyderabad	13	03/11/2026
29	50 coal mines with excellent performance honored with Star Rating awards	Samvet Shikhar	Raipur	8	03/11/2026
30	Tata Steel's Jharia Division awarded Five Star Ratings for the year 2024-25	Sanmarg	Ranchi	2	03/11/2026
31	Tata Steel's Jharia division bags five star ratings for 2024-25	The Echo of India	Ranchi	3	03/11/2026
32	National awards for five mines in Singareni	Vaartha	Hyderabad	7	03/11/2026
33	Five-star rating for 5 coal mines in Singareni	Velugu	Hyderabad	5	03/11/2026
34	Five Star Rating Awards for 5 Singareni Mines at National Level	Veluthuru	Telangana	1,2	03/11/2026
35	Tata Steel's Bhelatand mine gets five-star rating	Dainik Jagran	Jameshedpur	7	03/11/2026

Publication Name: Hindustan
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Jamshedpur
Page No: 10
CCM: 127.67

Bhelatand and Sijua Colliery received Five Star Rating

भेलाटांड़ व सिजुआ कोलियरी को मिली फाइव स्टार रेटिंग



रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार ग्रहण करते पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

टाटा स्टील

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। टाटा स्टील के झरिया डिवीजन की दो भूमिगत कोलियरियों को वर्ष 2024-25 के लिए कोयला मंत्रालय की प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है।

रविवार को रायपुर में आयोजित 'स्टार रेटिंग अवॉर्ड्स फॉर कोल एंड लिग्नाइट माइंस' समारोह में भेलाटांड़ अमलगैमेटेड कोलियरी और सिजुआ कोलियरी को यह सम्मान मिला। कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने झरिया डिवीजन के अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर जनरल मैनेजर नरेंद्र कुमार गुप्ता और सिजुआ कोलियरी के हेड संजीव कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

इस वर्ष ओपनकास्ट, भूमिगत और मिश्रित श्रेणियों की कुल 382 खदानों ने आकलन में हिस्सा लिया। इनमें केवल 50 खदानों को फाइव स्टार रेटिंग मिली। 140 भूमिगत खदानों में से महज 15 को यह सम्मान प्राप्त हुआ। सिजुआ कोलियरी को वर्ष 2023-24 में फोर स्टार रेटिंग मिली थी, जबकि भेलाटांड़ को उस वर्ष भी फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया था। झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर नरेंद्र कुमार गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और टीमवर्क को दिया।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Dhanbad
Page No: 4
CCM: 285.46

Coal India to invest in critical minerals abroad; Moonidih Colliery receives 5-star rating, ranks ninth in the country

क्रिटिकल मिनरल्स में कोल इंडिया विदेश में करेगी निवेश

जागरण संवाददाता, धनबाद: कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने अपने कारोबार का अंतरराष्ट्रीय विस्तार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने सिंगापुर में अपनी नई विदेशी सहायक कंपनी सीआइएल ग्लोबल पीटीई लिमिटेड का गठन किया है। कोल इंडिया विदेशों में निवेश और अधिग्रहण के अवसर तलाशेगी।

खास तौर पर क्रिटिकल मिनरल्स यानी महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़ी विदेशी परिसंपत्तियों में निवेश और उनके अधिग्रहण पर ध्यान दिया जाएगा। कोल इंडिया से मिली जानकारी के अनुसार, नई कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाजार में विदेशी निवेश से जुड़ी गतिविधियों के प्रबंधन के लिए एक इकाई के रूप में काम करेगी।

इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी उद्योग पर नजर : क्रिटिकल मिनरल्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रानिक्स और आधुनिक तकनीक से जुड़े उद्योगों में बड़े पैमाने पर होता है। ऊर्जा संक्रमण और नई तकनीकों के विस्तार के साथ इन खनिजों की मांग बढ़ रही है। वैश्विक स्तर पर इन संसाधनों तक पहुंच बनाना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण है।



रायपुर में अवार्ड ग्रहण करते बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल ● जागरण

कोयला कारोबार से आगे बढ़ने की तैयारी : सीआइएल ग्लोबल के गठन को कोल इंडिया की कारोबार में विविधता लाने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। विदेशी परिसंपत्तियों में निवेश और अधिग्रहण के जरिए महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाना इस रणनीति का अहम हिस्सा है।

मुनीडीह कोलियरी को मिली 5 स्टार रेटिंग, देश में नौवां स्थान

जागरण संवाददाता, धनबाद: भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की मुनीडीह कोलियरी ने खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कोयला एवं लिग्नाइट खदानों की स्टार रेटिंग मूल्यांकन में मुनीडीह कोलियरी को प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। कोलियरी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर देश की भूमिगत खदानों की श्रेणी में नौवां स्थान प्राप्त किया है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 'खनिक शौर्य श्रमाय समर्पितम्' में मुनीडीह कोलियरी को सम्मानित किया गया। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज कुमार अग्रवाल और पश्चिमी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक वी. विजय कुमार को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।

समारोह में कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सनोज कुमार झा, कोयला नियंत्रक संगठन के कोयला नियंत्रक सतीश कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित स्टार रेटिंग मूल्यांकन में खदानों के परिचालन प्रदर्शन, सुरक्षा व्यवस्था, आदि मानकों के आधार पर अंक दिए जाते हैं।

Publication Name: Dainik Jagran
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Dhanbad
Page No: 8
CCM: 166.64

Five-star rating for two mines of Tata Steel Jharia Division

टाटा स्टील झरिया डिवीजन की दो खदानों को फाइव स्टार रेटिंग



रायपुर में आयोजित स्टार रेटिंग आवार्ड्सफार कोल एंड लिग्नाइट माइंस समारोह में टाटा स्टील झरिया डिवीजन कोसम्मानित करते कोयला खान राज्य मंत्री ● सौजन्य टाटा स्टील

जासं, जागरण● झरिया : टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कोयला मंत्रालय की ओर से वर्ष 2024-25 के स्टार रेटिंग आकलन में झरिया डिवीजन की भेलाटांड़ अमलगैमेटेड कोलियरी एवं सिजुआ कोलियरी को भूमिगत खदान श्रेणी में प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। दो नवंबर को रायपुर में आयोजित स्टार रेटिंग अवार्ड्स फार कोल एंड लिग्नाइट माइंस समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर नरेंद्र कुमार गुप्ता, सिजुआ कोलियरी के हेड संजीव कुमार ठाकुर व अधिकारियों की टीम ने कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से पुरस्कार प्राप्त किया।

सिजुआ कोलियरी को पिछले वर्ष 2023-24 में चार स्टार रेटिंग मिली थी जबकि भेलाटांड़ को पांच स्टार से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष सिजुआ को चार स्टार रेटिंग भी प्रदान की गई। विभिन्न श्रेणियों में 382 खदानों ने भाग लिया। जिनमें केवल 50 को पांच स्टार रेटिंग मिली। वहीं 140 भूमिगत खदानों में मात्र 15 खदानें इस प्रतिष्ठित सम्मान की पात्र बनीं। जनरल मैनेजर नरेंद्र कुमार गुप्ता ने उपलब्धि का श्रेय कर्मचारियों और अधिकारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता, अनुशासन व टीमवर्क को दिया।

Publication Name: Rajasthan Patrika
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 2
CCM: 796.69

उत्कृष्ट प्रदर्शन : देश की 50 खदानों को मिला स्टार रेटिंग पुरस्कार, इनमें 15 भूमिगत और 35 ओपनकास्ट

छत्तीसगढ़ की 5 कोयला खदानें फाइव स्टार

सुरक्षा से पर्यावरण तक के मानकों पर मिला उत्कृष्टता का प्रमाण

रायपुर@पत्रिका. कोयला खदानों में अब उत्कृष्टता का पैमाना केवल कितना उत्पादन हुआ, यह नहीं रह गया है। खदान कितनी सुरक्षित है, वहां पर्यावरण संरक्षण के क्या इंतजाम हैं, तकनीक का कितना उपयोग हो रहा है और स्थानीय समुदायों के हितों का कितना ध्यान रखा जा रहा है, इन मानकों पर भी प्रदर्शन आंका जा रहा है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ की पांच कोयला खदानों को पांच सितारा रेटिंग मिली है। देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुल 50 खदानों को सोमवार को रायपुर में आयोजित स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह-2026 में सम्मानित किया गया। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने नवा रायपुर में आयोजित समारोह में पुरस्कार वितरित किए। ये पुरस्कार वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर दिए गए हैं। सम्मानित खदानों में 15 भूमिगत और 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं।



सिर्फ उत्पादन नहीं, जिम्मेदारी भी कसौटी

स्टार रेटिंग का उद्देश्य खदानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और बेहतर कार्यप्रणालियों को प्रोत्साहित करना है। इसका सीधा महत्व उन क्षेत्रों के लिए भी है जहां खनन गतिविधियां संचालित होती हैं। सुरक्षित कामकाज, पर्यावरण प्रबंधन और स्थानीय समुदायों के हितों पर ध्यान देना खनन के सामाजिक प्रभाव को कम करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

छत्तीसगढ़ की इन पांच खदानों को सम्मान: प्रदेश की पांच खदानों में दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की तीन भूमिगत खदानें बंगवार, खैराहा और बहेराबांध शामिल हैं। इनके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गेरे पेलमा सेक्टर- कोल माइन और पारसा केंटे कोलियरीज लिमिटेड की पारसा ईस्ट एंड कांटा बासन ओपनकास्ट कोल माइन को भी पांच सितारा रेटिंग मिली हैं।

इन मानकों पर तय होती है स्टार रेटिंग

कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग नीति के तहत खदानों का कई स्तरों पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें उत्पादन एवं उत्पादकता, परिचालन दक्षता, तकनीकी नवाचार, श्रमिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन, सतत विकास तथा स्थानीय समुदायों के कल्याण से जुड़े पहलू शामिल हैं। कोयला नियंत्रक संगठन की ओर से नियुक्त समीक्षक मूल्यांकन और सत्यापन करते हैं।

Publication Name: Aaj Ki Jandhara
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 118.42

Excellent performance in coal mining, Star Rating awards for 50 mines

कोयला खनन में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 50 खदानों को स्टार रेटिंग पुरस्कार

कुशल एवं पर्यावरण अनुकूल खनन की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को सम्मान



रायपुर। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर कोयला एवं लिग्नाइट खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की कुल 50 पांच सितारा खदानों को सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत (अंडरग्राउंड) तथा 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से सुरक्षित, कुशल, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल खनन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली खदानों के योगदान को मान्यता दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार वितरण के पश्चात अपने संबोधन में उन्होंने कोयला क्षेत्र में उत्कृष्टता, सुरक्षित खनन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिम्मेदार एवं सतत खनन शेष पृष्ठ 10 पर

Publication Name: Aman Path
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 97.66

50 mines received Star Rating Award

50 खदानों को मिला स्टार रेटिंग पुरस्कार

अमन पथ न्यूज

रायपुर। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा सोमवार 2 नवंबर 2026 को रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर कोयला एवं लिग्नाइट खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की कुल



50 पांच सितारा खदानों को सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत (अंडरग्राउंड) तथा 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के अपर सचिव सानोज कुमार झा, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम, कोयला नियंत्रक संगठन के कोयला नियंत्रक सतीश कुमार सहित कोयला मंत्रालय एवं विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पांच सितारा रेटिंग प्राप्त खदानों की सूची में दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की तीन भूमिगत खदानें क्रमशः बंगवार अंडरग्राउंड माइन, खैराहा यूजी माइन और बहेराबांध यूजी माइन शामिल हैं।

Publication Name: Amrit Sandesh
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 59.22

Star Rating Award Ceremony 2026 organized by Ministry of Coal



रायपुर, (असं)। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा सोमवार को रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर कोयला एवं लिग्नाइट खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की कुल 50 पांच सितारा खदानों को सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत (अंडरग्राउंड) तथा 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं। इन पुरस्कारों के

Publication Name: Andhra Jyothi
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 9
CCM: 72.79

Five-star rating for 5 mines in Singareni

సింగరేణిలో 5 గనులకు ఫైవ్ స్టార్ రేటింగ్

అవార్డులు అందుకున్న సీఎండీ

హైదరాబాద్, నవంబరు 2 (ఆంధ్రజ్యోతి): ఉత్తమ మైనింగ్ పద్ధతుల అమలు, పర్యావరణ హిత చర్యలు, కార్మికుల సంక్షేమం, సౌకర్యాల కల్పనలో ఉత్తమ కంపెనీగా ఉన్న సింగరేణి సంస్థ.. 2024-25 ఆర్థిక సంవత్సరానికి జాతీయస్థాయిలో 5 బొగ్గు గనులకు ఫైవ్‌స్టార్ రేటింగ్‌ను సాధించి మరోసారి ఘనతను చాటుకుంది. ఛత్తీస్‌గఢ్‌లోని రాయ్‌పూర్‌లో సోమవారం కేంద్ర బొగ్గు, గనుల శాఖ సహాయ మంత్రి సతీష్ చంద్ర దూబే చేతుల మీదుగా సింగరేణి సీఎండీ జ్యోతి బుద్ధప్రకాష్ ఈ అవార్డులను అందుకున్నారు. ప్రతిష్ఠాత్మక ఫైవ్‌స్టార్ రేటింగ్ అవార్డులను అందుకున్న గనుల్లో శ్రీరాంపూర్ ఏరియాలోని ఆర్‌కే ఎన్‌టీ, ఆర్‌కే-6 ఇంక్లైన్, సత్తుపల్లి ఏరియాకు చెందిన జేవీఆర్ ఓసీ-2, బెల్లంపల్లి ఏరియాకు చెందిన భైరీగూడ ఓసీ, రామగుండం-3కి చెందిన ఆర్‌జీఓసీ-1 గనులు ఉన్నాయి. కాగా, తెలంగాణ జెన్‌కోకు చెందిన తాడిచర్ల-1 ఓపెన్‌కాస్ట్ బొగ్గు గనికి 2024-25 సంవత్సరానికి ప్రతిష్ఠాత్మకమైన 5-స్టార్ రేటింగ్ లభించింది. 2020-21, 2023-24లో కూడా ఈ గనికి ఫైవ్ స్టార్ రేటింగ్ లభించడం గమనార్హం.

Publication Name: Andhra Prabha
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 6
CCM: 187.95

5 National Awards for Singareni

సింగరేణికి 5 జాతీయ అవార్డులు

● ప్రదానం చేసిన కేంద్ర మంత్రి సతీష్‌చంద్ర దూబే



హైదరాబాద్, ఆంధ్రప్రభ:సింగరేణి సంస్థకు చెందిన ఐదు బొగ్గు గనులు 2024-25 ఆర్థిక సంవత్సరానికి ప్రతిష్ఠాత్మక ఫైవ్‌స్టార్ రేటింగ్ అవార్డులను సాధించాయి. ఛత్తీస్‌గఢ్ రాష్ట్రం రాయ్‌పూర్‌లో సోమవారం నిర్వహించిన అవార్డుల ప్రదానోత్సవంలో కేంద్ర బొగ్గు, గనుల శాఖ సహాయ మంత్రి సతీష్ చంద్ర దూబే చేతుల మీదుగా సింగరేణి చైర్మన్, మేనేజింగ్ డైరెక్టర్ బుద్ధప్రకాష్ జ్యోతి ఈ అవార్డులను అందుకున్నారు. ఫైవ్‌స్టార్ రేటింగ్ సాధించిన సింగరేణి గనుల్లో శ్రీరాంపూర్ ఏరియాకు చెందిన ఆర్‌కేఎన్‌టీ, ఆర్‌కే-6 ఒంక్లైన్, సత్తుపల్లి ఏరియాలోని జేవీఆర్ ఓసీ-2, బెల్లంపల్లి ఏరియాలోని ఖైరీగూడ ఓసీ, రామగుండం-3 ఏరియాలోని ఆర్‌జీఓసీ-1 ఉన్నాయి. సంస్థలోని వివిధ ఏరియాలకు చెందిన ఐదు గనులు ఒకేసారి అత్యున్నత రేటింగ్ సాధించడం విశేషం. అవార్డుల ప్రదానోత్సవంలో బొగ్గు మంత్రిత్వ శాఖ అదనపు కార్యదర్శి సనోజ్ కుమార్ ఝా, కోల్ కంట్రోలర్ సతీష్ కుమార్, కోల్ ఇండియా సీఎండీ సాయిరాం, సింగరేణి డైరెక్టర్ కె. వెంకటేశ్వర్లు, జనరల్ మేనేజర్లు శ్రీనివాస్, మధుసూదన్, ఏజీఎం నరేందర్, మేనేజర్ రాజేశ్వర్ తదితరులు పాల్గొన్నారు.

డిప్యూటీ సీఎం భట్టి అభినందనలు..

సింగరేణిలో ఐదు గనులు జాతీయస్థాయిలో ఫైవ్‌స్టార్ రేటింగ్ సాధించడంపై రాష్ట్ర ఉప ముఖ్యమంత్రి, ఇంధన శాఖ మంత్రి మల్లు భట్టి విక్రమార్క హర్షం వ్యక్తం చేశారు. సింగరేణి అధికారులు, ఉద్యోగులు, సిబ్బందిని అభినందించారు. సింగరేణి సీఎండీ బుద్ధ ప్రకాష్ జ్యోతి మాట్లాడుతూ గనుల నిర్వహణ, పర్యావరణ పరిరక్షణ, కార్మిక సంక్షేమం, ఉత్పత్తి సాంకేతికత వంటి కీలక అంశాల్లో అత్యుత్తమ ప్రమాణాలను పాటించడం వల్లే ఈ అవార్డులు సాధ్యం అయ్యాయన్నారు. అవార్డులు సాధించిన గనుల యాజమాన్యాలు, అధికారులు, కార్మికులను అభినందించారు.

Publication Name: Andhra Prabha
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 6
CCM: 61.16

5-Star Rating for Tadicherla-1 Mine

తాడిచర్ల-1 గనికి 5-స్టార్ల రేటింగ్

- టీజీజెన్‌కోకు ప్రతిష్టాత్మక అవార్డు
- ఈవిధంగా రావడం మూడోసారి

హైదరాబాద్, ఆంధ్రప్రభ: తెలంగాణ విద్యుత్ ఉత్పత్తి సంస్థ (టీజీజెన్‌కో)కు చెందిన తాడిచర్ల-1 ఓపెన్‌కాస్ట్ బొగ్గు గని మరోసారి ప్రతిష్టాత్మక 5-స్టార్ రేటింగ్ అవార్డును కైవసం చేసుకుంది. గనుల తవ్వకాల్లో అత్యుత్తమ పని తీరు, భద్రతా ప్రమాణాల అమలు, పర్యావరణ నిర్వహణ, సుస్థిర గనుల తవ్వక పద్ధతులను పాటించినందుకు కేంద్ర బొగ్గు మంత్రిత్వ శాఖ ఈ పురస్కారాన్ని ప్రకటించింది. 2024-25 ఆర్థిక సంవత్సరానికి సంబంధించి ఈ అవార్డు లభించింది. తాడిచర్ల-1 బొగ్గు గనికి 5-స్టార్ రేటింగ్ రావడం ఇది మూడోసారి. ఈ గని గతంలో 2020-21, 2023-24 ఆర్థిక సంవత్సరాల్లో ఈ అవార్డును అందుకుంది.

Publication Name: Chamkata Aaina
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Jamshedpur
Page No: 12
CCM: 267.19

Tata Steel's Jharia Division receives 'Five Star Ratings' honor

टाटा स्टील के झरिया डिवीजन को मिला 'फाइव स्टार रेटिंग्स' सम्मान



जमशेदपुर, 2 नवम्बर (रिपोर्टर): टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने 2 नवम्बर को रायपुर में कोयला मंत्रालय की ओर से आयोजित 'स्टार रेटिंग अवॉर्ड्स फॉर कोल एंड लिग्नाइट माइंस' समारोह में प्रतिष्ठित 'फाइव स्टार रेटिंग' से सम्मानित किया गया. वर्ष 2024-25 के लिए झरिया डिवीजन की भेलाटांड़ अमलगैमेटेड कोलियरी व सिजुआ कोलियरीज़ को भूमिगत खदान श्रेणी में प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई. यह सम्मान नरेन्द्र कुमार गुप्ता, जेनरल मैनेजर (झरिया डिवीजन), संजीव कुमार ठाकुर, हेड (सिजुआ कोलियरी) व झरिया डिवीजन के अधिकारियों की टीम कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से प्राप्त किया. इस मौके पर कोयला मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. सिजुआ कोलियरी को इस वर्ष 4-स्टार रेटिंग भी प्रदान की गई.सिजुआ कोलियरी को वर्ष 2023-24 के लिए 4-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई थी, जबकि भेलाटांड़ कोलियरी को उसी वर्ष 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया था. इसके अतिरिक्त, झरिया डिवीजन की चार भूमिगत कोलियरियों ने आधार वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के स्टार रेटिंग आकलनों में भी अलग-अलग सम्मान अर्जित किए थे.

इस वर्ष ओपनकास्ट, भूमिगत व मिश्रित खदान श्रेणियों में कुल 382 माइंस ने भाग लिया, जिनमें से केवल 50 माइंस ही प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्राप्त करने में सफल रहीं. वहीं, भाग लेने वाली 140 भूमिगत माइंस में से केवल 15 माइंस को कोयला मंत्रालय द्वारा 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई. इस मौके पर नरेन्द्र कुमार गुप्ता, जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन ने इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि टाटा स्टील झरिया डिवीजन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस उपलब्धि का श्रेय सभी कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं टीमवर्क को जाता है, जिन्होंने पूरे डिवीजन में एक सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति को विकसित व सशक्त बनाया है.

Publication Name: Dandakaranya Samachar
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 1
CCM: 159.25

50 five-star coal mines of the country honored; five mines of Chhattisgarh received rating

देश की 50 पांच सितारा कोयला खदानें सम्मानित छत्तीसगढ़ की पांच खदानों को मिली रेटिंग



◆ सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल खनन को दिया गया बढ़ावा

रायपुर, 02 नवंबर (एजेंसी)। केंद्रीय कोयला मंत्रालय की ओर से सोमवार को रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में पांच सितारा खदान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर कोयला एवं लिग्नाइट खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की 50 खदानों को सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत और 35 खुली खदानें शामिल हैं। इन खदानों को सुरक्षित, कुशल, वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल खनन के लिए पांच सितारा रेटिंग प्रदान की गई है।

समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने खदानों के प्रतिनिधियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कोयला क्षेत्र में उत्कृष्टता, सुरक्षित खनन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खनन गतिविधियों में जिम्मेदार और टिकाऊ कार्यपद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के अपर सचिव सानोज कुमार झा, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम, कोयला नियंत्रक संगठन, नई दिल्ली के कोयला नियंत्रक सतीश कुमार सहित मंत्रालय और विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में देश की विभिन्न कोयला कंपनियों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस समारोह में छत्तीसगढ़ की पांच खदानों को पांच सितारा रेटिंग मिलना प्रदेश के लिए विशेष उपलब्धि रही। इनमें दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की तीन भूमिगत खदानें–बंगवार, खैराहा और बहेराबांध शामिल हैं। इनके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गेरे पेलमा सेक्टर-तीन कोयला खदान तथा पारसा केंटे कोलियरीज लिमिटेड की पारसा ईस्ट एंड कांटा बासन खुली खदान को भी यह सम्मान मिला है। कोयला मंत्रालय की पांच सितारा रेटिंग नीति के तहत कोयला और लिग्नाइट खदानों के प्रदर्शन का विभिन्न निर्धारित मानकों पर व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। इसमें परिचालन दक्षता, उत्पादन एवं उत्पादकता, तकनीकी नवाचार, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन, सतत विकास और स्थानीय समुदायों के कल्याण से जुड़े पहलुओं को शामिल किया जाता है।

Publication Name: Deccan Chronicle
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 3
CCM: 886.18

5 coal mines of Singareni win national 5-star rating awards

RAGHU PAITHARI | DC
HYDERABAD, NOV. 2

Five coal mines of the Singareni Collieries Company Limited (SCCL) have received five-star ratings for their performance during the financial year 2024-25. At an awards ceremony held in Raipur, Chhattisgarh, on Monday, Union MoS for coal and mines Satish Chandra Dubey presented the awards to SCCL chairman and managing director Dr Buddhaprakash Jyoti.

The five mines recognised are RKNT and RK-6 Incline in Srirampur area, JVR OC-2 in Sattupalli area, Khairigura OC in Bellampalli area and RGOC-1 in Ramagundam-3 area.

The ministry of coal assesses mines across the country every year and recognises those with outstanding performance. The evaluation covers 84 parameters, including mine performance, safety measures, management, facilities, environmental practices and workers' welfare.

Inspection teams from the ministry conduct on-site assessments, followed by a preliminary evaluation and further scrutiny by a committee. Mines scoring more than 91 out of 100 are awarded a five-star rating.

The five Singareni mines received the recognition for their performance in mine management, environmental initiatives, welfare programmes and production technology.

Dr Jyoti expressed happiness over the achievement and congratulated the mine managements and workers.

Publication Name: Deshbandhu
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 10
CCM: 315.59

50 coal mines with excellent performance honored with Star Rating awards

कोयला खनन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 50 खदानों को स्टार रेटिंग पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

■ केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुरस्कार वितरित किया



रायपुर, 2 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा आज रायपुर में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर कोयला एवं लिग्नाइट खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की कुल 50 पांच सितारा खदानों को सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत (अंडरग्राउंड) तथा 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से सुरक्षित, कुशल, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल खनन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली खदानों के योगदान को मान्यता दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार वितरण के पश्चात अपने संबोधन में उन्होंने कोयला क्षेत्र में उत्कृष्टता, सुरक्षित खनन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिम्मेदार एवं सतत खनन पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के अपर सचिव सानोज कुमार झा, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम, कोयला नियंत्रक संगठन, नई दिल्ली के कोयला नियंत्रक सतीश कुमार सहित कोयला मंत्रालय एवं विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में देश की विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

छत्तीसगढ़ के लिए भी यह समारोह विशेष उपलब्धि का अवसर रहा। पांच सितारा रेटिंग प्राप्त खदानों की सूची में दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड की तीन भूमिगत खदानें—बंगवार अंडरग्राउंड माइन, खैराहा यू जी माइन और बहेराबांध यू जी माइन—शामिल हैं। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गेरे पेलमा सेक्टर-द्वद्वद्व कोल माइन तथा पारसा केंटे कोलियरीज लिमिटेड की पारसा ईस्ट एंड कांटा बासन ओपनकास्ट कोल माइन को भी पांच सितारा रेटिंग प्राप्त हुई है।

कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग नीति के अंतर्गत कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के प्रदर्शन का विभिन्न निर्धारित मानकों पर व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन एवं सत्यापन की प्रक्रिया कोयला नियंत्रक संगठन द्वारा नियुक्त समीक्षकों के माध्यम से की जाती है।

Publication Name: Disha
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 2
CCM: 105.75

Singareni's Power: Five Star Rating for Five Mines



అవార్డు అందుకుంటున్న బుద్ధప్రకాశ్ జ్యోతి

సింగరేణి సత్తా

- ఐదు గనులకు ఫైవ్ స్టార్ రేటింగ్

దిశ, తెలంగాణ బ్యూరో/కొత్తగూడెం సింగరేణి:

మైనింగ్ పద్ధతుల అమలు, పర్యావరణ పరిరక్షణ, కార్మిక సంక్షేమంలో ఉత్తమ ప్రమాణాలు పాటిస్తున్న సింగరేణి కాలరీస్ జాతీయస్థాయిలో సత్తా చాటింది. 2024-25 ఆర్థిక సంవత్సరానికి గాను సంస్థ పరిధిలోని ఐదు బొగ్గు గనులకు జాతీయస్థాయిలో ఫైవ్ స్టార్ రేటింగ్ దక్కింది. ఛత్తీస్‌గఢ్ రాజధాని రాయ్‌పూర్‌లో సోమవారం కేంద్ర బొగ్గు, గనుల శాఖ సహాయ మంత్రి సతీశ్ చంద్ర దూబే చేతుల మీదుగా సింగరేణి సీఎండీ బుద్ధప్రకాశ్ జ్యోతి ఈ పురస్కారాలను అందుకున్నారు. కాగా, ఫైవ్ స్టార్ రేటింగ్ సాధించిన గనుల్లో శ్రీరాంపూర్ ఏరియాకు చెందిన ఆర్‌కేఎన్‌టీ, ఆర్‌కే-6 ఇంక్లైన్, సత్తుపల్లి ఏరియాలోని జేవీఆర్ ఓసీ-2, బెల్లంపల్లి ఏరియాకు చెందిన ఖైరీగూడ ఓసీ, రామగుండం-3 పరిధిలోని ఆర్‌జీఓసీ-1 గనులు ఉన్నాయి. కాగా, ఫైవ్ స్టార్ రేటింగ్ సాధించడం పట్ల డిప్యూటీ సీఎం మల్లు భట్టి విక్రమార్క హర్షం వ్యక్తం చేశారు. సింగరేణి అధికారులు, కార్మికులను అభినందించారు.

Publication Name: Eenadu
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Hyderabad
Page No: 21
CCM: 135.46

‘5-Star’ awards for six Telangana coal mines

ఆరు తెలంగాణ బొగ్గు గనులకు ‘5-స్టార్’ అవార్డులు





కేంద్ర బొగ్గుశాఖ సహాయ మంత్రి సతీష్ చంద్ర దూబే చేతుల మీదుగా అవార్డు అందుకుంటున్న నాగ్యా, బుద్ధప్రకాశ్

ఈనాడు, హైదరాబాద్ - గోలేటి టౌన్‌షిప్, న్యూస్‌టుడే: రాష్ట్రంలోని జెన్‌కో, సింగరేణికి చెందిన ఆరు బొగ్గు గనులకు జాతీయ స్థాయిలో 5-స్టార్ రేటింగ్ అవార్డులు లభించాయి. ఈ మేరకు కేంద్ర బొగ్గు, గనుల శాఖ సహాయ మంత్రి సతీష్ చంద్ర దూబే చేతుల మీదుగా సోమవారం ఛత్తీస్‌గఢ్‌లోని రాయ్‌పూర్‌లో సింగరేణి సీఎండీ బుద్ధప్రకాశ్, జెన్‌కో డైరెక్టర్ నాగ్యా అవార్డులు స్వీకరించారు. సింగరేణికి చెందిన శ్రీరాంపూర్ ఏరియాలోని ఆర్‌కేఎన్‌టీ, ఆర్‌కే-6 ఇంక్లైన్, సత్తుపల్లి ఏరియాకు చెందిన జేవీఆర్ ఓసీ-2, బెల్లంపల్లి ఏరియాకు చెందిన భైరిగూర ఓసీ, రామగుండం-3కి చెందిన ఆర్‌జీ ఓసీ-1 గనుల తోపాటు జెన్‌కోకు చెందిన తాడిచర్ల ఓపెన్‌కాస్ట్ బొగ్గు గనికి 2024-25 సంవత్సరానికి 5-స్టార్ రేటింగ్ అవార్డులు లభించాయి. కేంద్ర బొగ్గు మంత్రిత్వ శాఖ ఏటా దేశంలో అత్యుత్తమ గనులకు 5-స్టార్ రేటింగ్ ఇస్తుంది. ఈ రేటింగ్ సాధించిన గనుల యాజమాన్యాలను అభినందిస్తూ అవార్డులను ఇస్తారు. ఇలా స్టార్ రేటింగ్ ఇవ్వడం కోసం బొగ్గు గనుల పనితీరు, రక్షణ చర్యలు, నిర్వహణ, సౌకర్యాలు, పర్యావరణహిత చర్యలు, కార్మిక సంక్షేమం వంటి 84 అంశాలను పరిగణనలోకి తీసుకుని మార్కులను కేటాయిస్తారు. మొత్తం 100 మార్కులకుగాను 91 కన్నా ఎక్కువ సాధించిన గనులకు 5-స్టార్ రేటింగ్ ఇస్తారు. గనులకు సంబంధించి వివిధ అంశాల్లో ఉత్తమ ప్రమాణాలు పాటిస్తున్నందువల్లే ఈ అవార్డులు సాధించినట్లు బుద్ధప్రకాశ్, నాగ్యా తెలిపారు.

Publication Name: KESARI
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 5
CCM: 1398.88

Ministry of Coal distributed Star Rating awards in Raipur

रायपुर में कोयला मंत्रालय ने बांटे स्टार रेटिंग पुरस्कार



रायपुर ■ चंद्रमणि साव

कोयला मंत्रालय की ओर से रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर देश की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 50 कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को पांच सितारा रेटिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत और 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं।

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सुरक्षित, वैज्ञानिक, पर्यावरण अनुकूल और सतत खनन पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ की पांच खदानों को भी पांच सितारा रेटिंग मिली है। इनमें स्वष्टरु की बंगवार, खैराहा और बहेराबांध भूमिगत खदानें शामिल हैं। इसके अलावा गेरे पेलमा सेक्टर-III और पारसा ईस्ट एंड कांटा बासन ओपनकास्ट खदान को भी सम्मानित किया गया।

स्टार रेटिंग के तहत खदानों का मूल्यांकन उत्पादन, सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण जैसे मानकों पर किया जाता है।

Publication Name: Khabar Mantra
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Ranchi
Page No: 9
CCM: 119.38

Two collieries of Tata Steel Jharia Division get 5-star rating

एक नजर में

टाटा स्टील झरिया डिवीजन की दो कोलियरियों को 5 स्टार रेटिंग



जामाडोबा/जमशेदपुर। टाटा स्टील के झरिया डिवीजन की भेलाटांड़ अमलगमेटेड कोलियरी और सिजुआ कोलियरी को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए कोयला मंत्रालय की प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है। रायपुर में सोमवार को आयोजित स्टार रेटिंग अवॉर्ड्स फॉर कोल एंड लिग्नाइट माइंस समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने यह सम्मान प्रदान किया। टाटा स्टील की ओर से झरिया डिवीजन के महाप्रबंधक नरेंद्र कुमार गुप्ता, सिजुआ कोलियरी के प्रमुख संजीव कुमार ठाकुर और अधिकारियों की टीम ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस वर्ष ओपनकास्ट, भूमिगत और मिश्रित श्रेणियों की कुल 382 खदानों ने मूल्यांकन में हिस्सा लिया, जिनमें केवल 50 को फाइव स्टार रेटिंग मिली। वहीं, 140 भूमिगत खदानों में से सिर्फ 15 को यह सर्वोच्च रेटिंग हासिल हुई। उल्लेखनीय है कि सिजुआ कोलियरी को पिछले आकलन वर्ष 2023-24 में फोर स्टार रेटिंग मिली थी, जबकि भेलाटांड़ को उस वर्ष भी फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया था। नरेंद्र कुमार गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और टीमवर्क को दिया। उन्होंने कहा कि झरिया डिवीजन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह सम्मान सुरक्षित, टिकाऊ और उत्कृष्ट खनन कार्यप्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग प्रणाली में सुरक्षा, वैज्ञानिक खनन, पर्यावरण संरक्षण, तकनीक के उपयोग और सतत विकास जैसे मानकों के आधार पर खदानों का मूल्यांकन किया जाता है।

Publication Name: Lokdesh
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 6
CCM: 327.68

50 excellent coal mines in Raipur received five-star awards

सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल खनन के लिए देशभर की खदानों का सम्मान

रायपुर में 50 उत्कृष्ट कोयला खदानों को मिला पांच सितारा पुरस्कार

■ रायपुर, लोकदेश रिपोर्ट

कोयला खनन में सुरक्षित, कुशल और पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्रीय कोयला मंत्रालय ने रायपुर में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया। मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित समारोह में वित्त वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के आधार पर देश की 50 उत्कृष्ट कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को पांच सितारा रेटिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इनमें 15 भूमिगत और 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने खदानों के प्रतिनिधियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कोयला क्षेत्र में उत्कृष्टता, सुरक्षित खनन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जिम्मेदार एवं वैज्ञानिक खनन पद्धतियों को अपनाने की बात कही। कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग नीति के तहत खदानों का मूल्यांकन परिचालन दक्षता, उत्पादन एवं उत्पादकता, तकनीकी नवाचार, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन, सतत विकास और स्थानीय समुदायों के कल्याण जैसे मानकों पर किया जाता है। मूल्यांकन एवं सत्यापन की प्रक्रिया कोयला नियंत्रक संगठन द्वारा नियुक्त समीक्षकों के माध्यम से पूरी की जाती है। स्टार रेटिंग प्रणाली का उद्देश्य खदानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और बेहतर कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रदर्शन आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

समारोह में कोयला मंत्रालय के अपर सचिव सानोज कुमार झा, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम, कोयला नियंत्रक संगठन के कोयला नियंत्रक सतीश कुमार सहित मंत्रालय और विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ की पांच खदानें भी शामिल



छत्तीसगढ़ की पांच खदानों को पांच सितारा रेटिंग

इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ की पांच खदानें भी शामिल हैं। इनमें दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की तीन भूमिगत खदानें बंगवार अंडरग्राउंड माइन, खैराहा यूजी माइन और बहेराबांध यूजी माइन शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गेरे पेलमा सेक्टर-कककोल माइन तथा पारसा केंटे कोलियरीज लिमिटेड की पारसा ईस्ट एंड कांटा बासन ओपनकास्ट कोल माइन को भी पांच सितारा रेटिंग मिली है।

Publication Name: Lokmaya
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 8
CCM: 1889.82

Star Rating Award Ceremony for Coal and Lignite Mines to be held in Raipur today

रायपुर में आज होगा कोयला एवं लिग्नाइट खदानों का स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी करेंगे पुरस्कारों का वितरण; वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खदानें होंगी सम्मानित

लोकमाया न्यूज।

रायपुर। देश में कोयला एवं लिग्नाइट खनन क्षेत्र में वैज्ञानिक प्रबंधन, परिचालन दक्षता, सुरक्षा और सतत विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय कोयला मंत्रालय द्वारा 2 नवंबर 2026 को रायपुर में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में आकलन वर्ष 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और पुरस्कारों का वितरण करेंगे। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त, अपर सचिव श्री सनोज कुमार झा सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि तथा राज्य सरकारों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कोयला खदानों के लिए लागू स्टार रेटिंग नीति के अंतर्गत खदानों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था निर्धारित की गई है। इसके तहत परिचालन दक्षता, आधुनिक तकनीक का उपयोग, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन, सतत विकास, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना तथा स्थानीय समुदायों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों सहित विभिन्न मानकों पर खदानों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है।

Publication Name: Lokswar
Publication Date: 03/11/2026
Edition: Raipur
Page No: 9
CCM: 310.38

5 SECL mines receive Five Star Award, including four underground and one opencast mine

सम्मान● चार भूमिगत एवं एक ओपनकास्ट खदान शामिल

एसईसीएल की 5 खदानों को मिला फाइव स्टार सम्मान

लोकस्वर मीडिया नेटवर्क
lokswar.in

